हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 14 जून 2026


04 भीलआमला जंगल में बवालः 200 से अधिक ...

07 नेहरू महाविद्यालय के वट वृक्ष का हुआ...





## खबर संक्षेप

### गोपेश्वर महादेव मंदिर में शिव जी का अभिषेक

**सीहोर।** शहर के मुगीसपुर के समीपस्थ श्री राधेश्याम विहार कालोनी में गत दिनों पांच दिवसीय श्री शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के अलावा महायज्ञ का आयोजन किया गया था। यहां पर भव्य रूप से छह हजार स्क्वायर फीट परिसर में भगवान गोपेश्वर महादेव मंदिर का नवनिर्माण किया गया है। सवा माह के पश्चात यहां पर अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के मार्गदर्शन में शनिवार को सुबह दस बजे यज्ञाचार्य पंडित सतीश तिवारी सहित अन्य विप्रजनों के सानिध्य में भगवान शिव का विशेष अभिषक किया गया। संस्कार मंच के संयोजक जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि गोपेश्वर महादेव मंदिर में नियमित रूप से शिव चालीसा का पाठ के अलावा भगवान का एक लौटा जल से अभिषेक प्रतिदिन किया जा रहा है। शुक्रवार को भी महिलाओं ने भजन कीर्तन किए। अब शनिवार को सुबह दस बजे शांति हवन, भगवान शिव का विशेष अभिषेक और शिव चालीसा का पाठ किया गया। उन्होंने कहा शिव चालीसा का नियमित पाठ करना अत्यंत फलदायी है, जो 30 दिन लगातार करने से मनोकामनाएं पूरी करता है। यह मानसिक शांति, भय से मुक्ति, और भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने का सबसे आसान उपाय है।

### 1.01 करोड़ की लागत से सैकड़ाखेड़ी जोड़ पर बनने जा रहा पहला सिद्धपुर द्वार, दो और बनेंगे

# विधायक राय के प्रयासों से इतिहास के पन्नों से निकलकर जमीं पर उतरेगा क्षेत्र में 'सिद्धपुर'

### जिसे सब कहते थे सिद्धपुर, पूरे सीहोर में उसके नाम की एक ईंट तक नहीं थी, न ही सरकारी कागजों में था कोई वजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कहते हैं कि इतिहास गवाहों से बनता है, लेकिन मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक शहर सीहोर के साथ सदियों से एक बड़ा ही दिलचस्प और अनोखा विरोधाभास चल रहा था। हर कोई शान से कहता है कि सीहोर का प्राचीन नाम 'सिद्धपुर' है, लेकिन अगर आज कोई मुसाफिर सीहोर आकर पूछे कि भाई, मुझे वो सिद्धपुर दिखाओ तो पूरे शहर में ऐसी एक भी धरोहर, बोर्ड या निशानी नहीं थी जिसे उंगली दिखाकर कहा जा सके कि 'यह सिद्धपुर है'। सबसे मजेदार और चौंकाने वाली बात तो यह है कि आज तक सरकारी लिखा-पढ़ी या किसी दफ्तर के दस्तावेजों में भी कभी 'सिद्धपुर' नाम दर्ज ही नहीं हुआ।

लेकिन अब सदियों का यह सूखा खत्म होने जा रहा है। विधायक सुदेश राय के प्रयासों की बदौलत सीहोर शहर को आखिरकार उसकी खोई हुई प्राचीन पहचान 'सिद्धपुर' के रूप में वापस मिलने जा रही है। यह पहचान किसी कागजी वादे से नहीं, बल्कि शहर के प्रवेश द्वारों पर बनने वाले तीन भव्य और आकर्षक 'सिद्धपुर द्वारों' से मिलेगी।

#### 1.01 करोड़ से सैकड़ाखेड़ी पर भव्य भूमिपूजन

बीते दिनों सैकड़ाखेड़ी जोड़ पर 1 करोड़ 1 लाख रुपये की लागत से बनने वाले भव्य सिद्धपुर प्रवेश द्वार का विधिवत भूमिपूजन किया गया। राजस्थानी कलाकृति और नक्काशी से सजे इस ऐतिहासिक द्वार का भूमिपूजन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद विधायक सुदेश राय ने पूरे विधि-विधान के साथ किया।

**विधायक बोलेः प्रवेश द्वार ही नहीं, जल्द ही सीहोर का नाम भी होगा सिद्धपुर**




#### पहली बार सरकारी कागजों में आएगा 'सिद्धपुर' नाम

इस पूरे प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी और खास बात यह है कि इन द्वारों का निर्माण सरकारी एजेंसी आरईएस द्वारा किया जा रहा है। इसका सीधा मतलब यह है कि आजादी के बाद यह पहला मौका होगा जब सरकारी टेंडर, फाइलों और प्रशासनिक दस्तावेजों में अधिकारिक तौर पर सिद्धपुर नाम का उल्लेख होगा। यह सीहोर की आने वाली पीढ़ियों के लिए अपने गौरवशाली इतिहास को छूकर महसूस करने जैसा होगा।

#### शहर के चारों कोनों पर गूंजेगा प्राचीन नाम

विधायक सुदेश राय ने कहा है कि सीहोर ऋषियों और सिद्धों की भूमि सिद्धपुर है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आशीर्वाद से आज सीहोर चौतरफा विकास की राह पर है, जहां करोड़ों-अरबों के काम चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि केवल सैकड़ाखेड़ी ही नहीं, बल्कि आने वाले समय में इंदौर-भोपाल मार्ग पर स्थित क्रिसेंट चौराहा और सोया चौपला चौराहा पर भी इसी तरह के दो और भव्य सिद्धपुर प्रवेश द्वार खड़े किए जाएंगे। यानी अब बाहर से आने वाले हर शख्स को पता होगा कि वह संतों की पावन धरा सिद्धपुर में कदम रख चुका है।

**आखिर क्यों कहा जाता है इसे सिद्धपुर :** बताया जाता है कि सीहोर का इतिहास 2000 वर्ष से भी ज्यादा पुराना है। प्राचीन काल में यह इलाका घने जंगलों से घिरा था। यहां की सीवन नदी के किनारे शैव, शाक्त, जैन, बौद्ध और नाथ संप्रदाय के महान संतों ने तपस्या की थी। सिद्ध पुरुषों का गढ़ होने के कारण इसका नाम सिद्धपुरश पड़ा, जिसका प्रमाण सीवन नदी के तट पर मिले प्राचीन शिलालेखों (सिद्रपुर या सिद्धपुर) में भी मिलता है।



#### सीहोर का भी नाम बदलने भी भेजा प्रस्ताव

शहर के तीनों ही प्रवेश द्वारों का नाम सिद्धपुर रखा जा रहा है। इसके साथ ही अब पूरे सीहोर का नाम भी बदलकर सिद्धपुर करने के लिए हमने शासन को आधिकारिक प्रस्ताव बनाकर भेजा है, जो वर्तमान में प्रक्रिया के अधीन है। विधानसभा कार्रवाई के दौरान भी हमने पटल पर यह प्रस्ताव रखा है।

-सुदेश राय, विधायक सीहोर

## भाजपा की जिला कामकाजी बैठक संपन्न, आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा पर हुआ मंथन




**सीहोर।** भारतीय जनता पार्टी जिला सीहोर की जिला कामकाजी मासिक बैठक शुक्रवार को जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला प्रभारी विकास विरानी सहित मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संगठन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। ये सभी कार्यक्रम ₹12 वर्ष विश्वास के, विकास के और जनकल्याण के₹ अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन कार्यक्रमों को पूर्ण समर्पण एवं जिम्मेदारी के साथ सफल बनाएं।

उन्होंने बताया कि जिले में नवीन शक्ति केंद्रों एवं बूथों का गठन कर उनके प्रभारी एवं अध्यक्ष नियुक्त किए जा चुके हैं। सभी शक्ति केंद्र प्रभारी एवं बूथ अध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में संगठनात्मक गतिविधियों को गति प्रदान करें तथा पार्टी की योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी विकास विरानी ने कहा कि संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों की शुरुआत 5 जून से हो चुकी है। अभियान के तहत 12 जून से 18 जून तक प्रत्येक विकासखंड स्तर पर जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि अधिक से अधिक नागरिकों को इन शिविरों का लाभ दिलाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाएं।

उन्होंने बताया कि इसी अवधि में केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके अलावा 15 जून से 18 जून तक जिला स्तर पर प्रबुद्धजन सम्मेलन एवं सभागार बैठकों का आयोजन किया जाएगा। वहीं 19 एवं 20 जून को जिले में दो स्थानों पर प्राकृतिक कृषि कार्यशालाएं आयोजित होंगी तथा 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रत्येक मंडल स्तर पर योग अभ्यास शिविर आयोजित किए जाएंगे। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, जिला प्रभारी विकास विरानी, तीनों महामंत्री पंकज गुप्ता,जितेंद्र गौड़ एवं तारा कटारिया मंचासीन रहे। इसके अतिरिक्त समस्त जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नृसिंह मंदिर मंडल के तत्वाधान में भजन संध्या का आयोजन

**सीहोर।** शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ नृसिंह लक्ष्मी मंदिर पर करीब 35 सालों से प्रत्येक ग्यारस पर भजन संध्या का आयोजन निरंतर नृसिंह मंदिर मंडल के तत्वाधान में किया जा रहा है। इस मंडल में शहर सहित आस-पास के अनेक भजन मंडलों के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जा रही है। इसको लेकर संस्कार मंच, सनातन सेना सहित अन्य ने मंडल के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान किया गया।

इस मौके पर संत माधवदास महाराज और सनातन सेना के प्रदेश सचिव पवन केवट सहित अन्य ने यहां पर मौजूद दुर्गेश यादव, विष्णु सेन, देवी सिंह, मिथलेश शर्मा, रमेश मेवाड़ा, विनित विश्वकर्मा आदि शामिल थे। जिनका स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर संस्कार मंच के प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि दुर्गेश यादव के पिता श्री सहित अन्य के द्वारा करीब 35 सालों से शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ नृसिंह लक्ष्मी मंदिर में प्रत्येक ग्यारस के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहाकि यह व्रत हर तीन वर्ष में एक बार आता है, क्योंकि इसका संबंध अधिकमास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि से होता है।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जो व्यक्ति इस दिन श्रद्धा और नियमपूर्वक भगवान विष्णु की पूजा करता है, उसके जीवन से दुख, दरिद्रता और आर्थिक परेशानियां दूर होने लगती हैं। माना जाता है कि इस व्रत के प्रभाव से धन, धान्य, यश और सम्मान में वृद्धि होती है। इस बार परम एकादशी का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि पूरे दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का शुभ संयोग बन रहा है, जिसे सभी कार्यों के लिए अत्यंत मंगलकारी माना जाता है।


## पेट्रोल पंप पर बड़ा हादसा टलाः पेट्रोल भराते समय बाइक में लगी आग, धूं-धूं कर जली

### अग्निशामक यंत्र नहीं चले, पाइप से पानी डालकर पाया काबू जांच की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

तहसील क्षेत्र के लाडकुई स्थित सिंहपुर मार्ग पर शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब चन्दा सूरज भारत पेट्रोलियम पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाते वक्त एक बाइक में अचानक भीषण आग लग गई। चंद सेकंड में आग ने विकराल रूप ले लिया और बाइक धू-धू कर जलने लगी। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। गनीमत रही कि समय रहते सभी लोग दूर हो गए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह घटना कुछ ही पलों में बड़े हादसे में बदल सकती थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक युवक अपनी बाइक में पेट्रोल भरवाने पंप पर पहुंचा था। कर्मचारी जैसे ही टंकी में पेट्रोल डाल रहा था, तभी अचानक बाइक से चिंगारी निकली और पेट्रोल ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने पूरी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। पंप के बीचों-बीच लगी इस आग ने वहां मौजूद अन्य वाहन चालकों और कर्मचारियों के बीच दहशत फैला दी। कई लोग अपनी गाड़ियां वहीं छोड़कर भाग निकले। हालांकि राहत की बात यह रही कि आग आसपास खड़े अन्य वाहनों या पेट्रोल टैंक तक नहीं पहुंची। यदि आग फैलती, तो बड़ा विस्फोट हो सकता था और जान-माल का भारी नुकसान संभव था। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ मिनटों की यह घटना पूरे इलाके को दहला गई और हर कोई सहम गया।



#### अग्निशामक यंत्र बने शोपीस पाइप से बुझानी पड़ी आग

घटना के दौरान पेट्रोल पंप की फायर सेफ्टी व्यवस्था पूरी तरह फेल नजर आई। प्रत्यक्षदर्शियों और ग्रामीणों का आरोप है कि जब आग लगी, तब पंप पर मौजूद अग्निशामक यंत्र काम नहीं आए। कर्मचारियों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन उपकरणों ने ऐन वक्त पर साथ नहीं दिया। अंततः पंपकर्मियों ने पाइप से पानी डालकर किसी तरह आग पर काबू पाया। इस लापरवाही ने सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

#### वीडियो वायरल, ग्रामीणों में आक्रोश

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि बाइक आग के गोले में तब्दील हो चुकी है और लोग घबराकर भाग रहे हैं। वीडियो सामने आने के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पेट्रोल पंप प्रबंधन सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर नहीं है और यह लापरवाही कभी भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

#### सुरक्षा ऑडिट पर उठे सवाल जांच की मांग

नियमों के अनुसार पेट्रोल पंपों पर नियमित फायर सेफ्टी ऑडिट किया जाना अनिवार्य है, लेकिन इस घटना ने इन दावों की पोल खोल दी है। आपात स्थिति में उपकरणों का फेल होना यह संकेत देता है कि सुरक्षा इंतजाम केवल कागजों तक सीमित हो सकते हैं। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। खाद्य विभाग के कनिष्ठ अधिकारी प्रकाश सिंह यादव ने कहा कि पेट्रोल पंपों की जांच की जायेगी, सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम एवं अग्निशमन यंत्र भी जांच की जाएगी।

### नगर सरकार आपके द्वार-जनकल्याण शिविर का हुआ शुभारंभ

# नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर बोले-आमजन को उनकी आवश्यक सेवाएं और योजनाओं का लाभ उनके निकट उपलब्ध कराएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

नगर सरकार आपके द्वार प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, इसको लेकर पार्षद मीना दिलीप राठौर ने शुक्रवार को मंडी स्थित नीलम होटल में जनकल्याण शिविर का शुभारंभ किया। नगर पालिका द्वारा आयोजित इस विशेष अभियान का उद्देश्य नगर के प्रत्येक पात्र हितग्राही तक शासन एवं नगरीय निकाय की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि जन कल्याण योजना अभियान का मुख्य उद्देश्य आमजन को उनकी आवश्यक सेवाएं और योजनाओं का लाभ उनके निकट उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि नगर पालिका की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे, इसके लिए वार्ड स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़ा जाएगा। उन्होंने नगरवासियों से अपील करते हुए कहा कि जो भी नागरिक किसी योजना का लाभ प्राप्त करने से वंचित हैं, वे शिविर में पहुंचकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन करें और शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ लें।



नगर पालिका प्रशासन ने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है। शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं का समाधान करेंगे तथा शासन की योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराएंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से योजना सभापति नरेंद्र राजपूत, पार्षद मीना दिलीप राठौर, सपना मालवीय, विशाल राठौर, कमलेश राठौर एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



#### शिविरों का आयोजन निम्नानुसार किया जाएगा

15 जून - एक्सीलेंस स्कूल, कस्बा क्षेत्र
16 जून - राठौर धर्मशाला, गंज
18 जून - नगर पालिका परिषद कार्यालय

### गणेश मंदिर के पास जबरदस्ती निकाल रहे हैं निजी जमीन में से रास्ता, पीड़ित परिवार ने जताया विरोध



**सीहोर।** गणेश मंदिर के पास स्थित कृषि भूमि को लेकर बड़ा मामला सामने आया है। जहां पर खसरा नम्बर की भूमि को छोड़कर जबरदस्ती अन्य निजी भूमि पर डरा धमका कर सड़क बनाई जा रही है।

पीड़ित परिवार ने सभी सरकारी दफतरों में सबूतों के साथ अर्जी लगाई है लेकिन कोई सुनने को तैयार नही है। परेशान पीड़ित परिवार ने सड़क बनाने के लिए उजाड़ दिए खेत पर बैठकर विरोध दर्ज कराया है और प्रशासन से न्याय देने की गुहार लगाई है। वृद्धा कमला कुशवाह पति स्व. छोटेलाल कुशवाह ने बताया कि पुराने सरकारी रास्ते को बंद कर गणेश मंदिर के पास खसरा नं. 35/3 और 35/5 की कृषि भूमि से रास्ता निकाने की कोशिश की जा रही है। खेत में मुर्म चूरी डलवा कर पक्का बनवाया जा रहा है। जबकी राजस्व न्यायालय ने 9/1/2/1 पर रास्ता बनाने के निर्देश पारित किए है यह भूमि जगदीश कुशवाहा की है। कमला बाई की फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। सीवन नदी के किनारे से निकले पुराने सरकारी रास्ते को जानबूझकर बंद कर दिया गया है। वृद्धा कमला कुशवाह ने संबंधित लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। जिले में भूमि विवाद थमने का नाम नहीं ले रहे है। राजस्व विभाग की गड़बड़ियों ने किसानों की परेशानी को और भी बड़ा दिया है। इधर तहसीलदार आरआई पटवारियों पर एक पक्षीय कार्रवाही किए जाने के आरोप भी लगा रहे है। जमीनी मामलों में पुलिस भी बिना जांच पड़ताल के ही फरियादियों पर कार्रवाई कर रही है।

## खबर संक्षेप

### तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर आयोजित



**भौरासा।** नगर परिषद कार्यालय भौंरासा द्वारा निकाय में 12 जून से 14 जून तक तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जनकल्याण शिविर के आरंभ में नगर परिषद कार्यालय के बाहर शिविर लगाया गया, जहां पर मध्य प्रदेश शासन की महत्वपूर्ण योजनाओ के आवेदन प्राप्त कर हितग्राहियों को लाभ दिए जाने की प्रकिया की गई। कार्यक्रम के शुभारंभ मे परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण देवास एवं नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमिला ठाकुर की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जहां पर प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, नो डयूज प्रमाण पत्र नामांतरण प्रमाण पत्र जैसे विभिन्न योजनाओं के आवेदन लेकर उनका निराकरण शिविर अंतर्गत किया गया। शिविर में प्रथम दिन कुल 109 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 80 आवेदन स्वीकृत किए गए। कार्यक्रम में नगर परिषद का समस्त कर्मचारी स्टाफ उपस्थित रहा।

### वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. जैदी का निधन



**भौरासा।** नगर के जाने-माने एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस.टी. जैदी का 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही नगर सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।डॉ. जैदी चिकित्सा क्षेत्र में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए लंबे समय से प्रसिद्ध थे। उनके पास दूर-दूर से मरीज लकवा, पथरी एवं अन्य जटिल बीमारियों के उपचार के लिए आते थे। डॉ. जैदी के निधन पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मिथुन यादव, नगजीराम यादव, दिनेश यादव, रमेशचंद्र ईनानी, नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम नागर 'नानागुरु', पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र यादव, अनिल चावड़ा, डॉ. अरविंद पौराणिक, डॉ. रूपसिंह नागर, डॉ. मोडसिंह नागर, डॉ. संजय यादव, आरामसिंह ठाकुर, कमलसिंह यादव, प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज शुक्ला सहित नगर के गणमान्य नागरिकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### अमलतास की विशेषज्ञ टीम ने दी जानकारी

**देवास।** एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देशन में सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय बैच को अमलतास अस्पताल की विशेषज्ञ टीम द्वारा सीपीआर एवं प्राथमिक उपचार संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### वन भूमि से अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम पर हमला, 6 से अधिक वनकर्मी घायल

# भीलआमला जंगल में बवालः 200 से अधिक लोगों ने वन अमले को घेरा, चार गिरफ्तार

**घटना के बाद प्रशासन ने पूरे मामले की समीक्षा शुरू कर दी है, अतिरिक्त पुलिस बल लगाकर क्षेत्र में सुरक्षा गई बढ़ाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा/कमलापुर



बागली वन मंडल की सब रेंज कमलापुर के भीलआमला जंगल स्थित कक्ष क्रमांक 93 एवं 94 में वन भूमि से अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग की टीम पर शनिवार को अतिक्रमणकारियों ने हमला कर दिया। पथराव और डंडों से किए गए हमले में 6 से अधिक वन कर्मचारी घायल हो गए, जबकि विभागीय वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई। हालात बिगड़ने पर वन अमले को कार्रवाई बीच में छोड़कर वापस लौटना पड़ा। घटना के बाद क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। प्राप्त जानकारी अनुसार भीलआमला जंगल के कक्ष क्रमांक 93 एवं 94 में लंबे समय से वन भूमि पर अवैध अतिक्रमण किया जा रहा था। अतिक्रमणकारियों द्वारा जंगल के पेड़-पौधों को काटकर खेती की जमीन तैयार की जा रही थी, जिससे वन संपदा और पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा था। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद शनिवार को उपवन मंडल बागली के अधिकारियों, रेंजरों एवं वन अमले की संयुक्त टीम जेसीबी मशीनों के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंची थी। वन विभाग द्वारा अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई शुरू की गई और मशीनों की मदद से अतिक्रमित भूमि पर गड्ढे भी खोदे गए। इसी दौरान अतिक्रमणकारियों को कार्रवाई की जानकारी मिल गई। बताया जा रहा है कि करीब 200 से अधिक लोग एकत्र होकर मौके पर पहुंच गए और वन विभाग की टीम का विरोध करने लगे। देखते ही देखते स्थिति हिंसक हो गई और भीड़ ने वन अमले पर पत्थरों व डंडों से हमला कर दिया। हमले में वन विभाग के कर्मचारी मोहन पंचोनिया को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि ज्योति जाट, कमल परमार, कमल राणा, देवकरण मालवीय और सूरज ढांढे सहित अन्य कर्मचारी भी घायल हुए हैं। विभागीय वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया गया। हमले के दौरान कई कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए मौके से भागते नजर आए। कार्रवाई के दौरान बागली, कन्नौद, खातेगांव, देवास और कमलापुर थानों का पुलिस बल भी मौके पर मौजूद था, लेकिन हमलावरों की संख्या अधिक होने के कारण स्थिति नियंत्रण से बाहर हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बागली





एसडीओपी संजय सिंह बैस कमलापुर पहुंचे और थाना प्रभारी से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। इसके बाद वे अस्पताल पहुंचकर घायल वनकर्मियों से भी मिले।

#### इलाके में बढ़ाई गई सुरक्षा, आरोपियों पर कार्रवाई तेज

घटना के बाद वन विभाग और प्रशासन ने पूरे मामले की समीक्षा शुरू कर दी है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आसपास के थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया और क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई। पुलिस ने फरियादी रेंजर रामेश्वर उईके की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में शिवम पिता गब्बर डाबर (24), विशाल पिता दिलीप बुंदेला (26), मंसाराम पिता भेरूजी (50) तथा धन्नालाल पिता मानसिंह बामनिया (50), सभी निवासी भीलआमला शामिल हैं।

**की जा रही कार्रवाई**

उक्त मामले में संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। घटना में 6 से अधिक कर्मचारी घायल हुए हैं, जिनका प्राथमिक उपचार कराया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अंकित जामोद, एसडीओ,** वन विभाग बागली

## प्रेम अग्रवाल की आत्महत्या के मामले में सुसाइड नोट के आधार पर 6 लोगों पर केस दर्ज

**करोड़ों की धोखाधड़ी के आरोपों पर पुलिस ने की जांच-पड़ताल शुरू**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



शहर के चर्चित कॉलोनाइजर प्रेम कुमार अग्रवाल की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है। यह कार्रवाई मृतक द्वारा छोड़े गए कथित सुसाइड नोट, परिजनों के बयान तथा अन्य साक्ष्यों के आधार पर की गई है।जानकारी अनुसार, 11 जून को प्रेम कुमार अग्रवाल की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें इंदौर ले जाया जा रहा था, जहां रास्ते में उनकी मृत्यु हो गई। प्रारंभिक जांच में जहरीले पदार्थ के सेवन की आशंका सामने आई थी। घटना के बाद औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस को मृतक के निवास से एक कथित सुसाइड नोट, मोबाइल फोन, हस्तलिखित दस्तावेज और अन्य सामग्री बरामद हुई। पुलिस के अनुसार सुसाइड नोट में मृतक ने अपने भाई राजेश कुमार अग्रवाल सहित गौरव जैन, विशाल जैन, सचिन, मुकेश जैन और सुमेर सिंह के नाम लिखते हुए विभिन्न व्यावसायिक लेन-देन, फर्मों और कॉलोनियों से जुड़े मामलों में करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।नोट में उल्लेख किया गया है कि कथित आर्थिक नुकसान और मानसिक प्रताड़ना के कारण वे अत्यधिक तनाव में थे तथा इन्हीं परिस्थितियों से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठाया।

मर्ग जांच, पंचायतनामा, सुसाइड नोट, परिजनों के कथनों और अन्य दस्तावेजों के परीक्षण के बाद प्रथम दृष्टया आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण का मामला पाया।इसके आधार पर राजेश कुमार अग्रवाल, गौरव जैन, विशाल जैन, सचिन, मुकेश जैन और सुमेर सिंह के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया ने बताया कि मामले की जांच जारी है। साथ ही सुसाइड नोट की हैंडराइटिंग तथा संबंधित वित्तीय लेन-देन की भी अलग से जांच की जाएगी।पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान प्राप्त साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### शनि मंदिर में सजा आम का भव्य बंगला

**देवास।** पुरुषोत्तम मास शिवरात्रि के पावन अवसर पर शनिवार को मीरा बावड़ी स्थित शनि मंदिर में भगवान शिव एवं शनिदेव का विशेष श्रृंगार कर आकर्षक आम का बंगला सजाया गया। मंदिर में की गई मनोहारी सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी रही। सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्तों ने मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लिया। मंदिर पुजारी पंडित अजय कुमार ने बताया कि पुरुषोत्तम मास शिवरात्रि के उपलक्ष्य में मंदिर को आम के फलों एवं पत्तों से विशेष रूप से सजाकर बंगला तैयार किया गया है।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान, अजा-अजजा मोर्चा की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा एवं अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिला बैठक शनिवार को जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रमोद डोगलिया ने की, जबकि संचालन मनीष सोलंकी द्वारा किया गया।बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे जनसंपर्क एवं सेवा कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि "मोदी सरकार के 12 वर्ष सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के स्वर्णिम अध्याय हैं।" उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया।बैठक के पूर्व भाजपा जिला कार्यालय देवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई। प्रदर्शनी का उद्घाटन भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों एवं ऐतिहासिक निर्णयों को चित्रों एवं जानकारी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया। डॉ. सेंधव ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से प्रदर्शनी का अवलोकन कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।बैठक को पूर्व जिला अध्यक्ष बहादुर मुकाती, भाजपा जिला महामंत्री राजेश यादव, विजय सिंह पवार, जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार, अजजा मोर्चा जिला अध्यक्ष टिंकी बारेला तथा भेरूलाल अटारिया ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मनोरमा सोलंकी, अजय चौहान, ऋषि सोलंकी निरपेक्ष चौहान,राहुल राठौर,गणेश अटल,नारायण सोनी,जीतू मालवीय बाबू यादव सोनू परमार अजय गुनावदिया अखिलेश धुरिया राहुल पटेल भगवान मालवीय राधेश्याम टाटिया सुभाष मालवीय संजय पेमल संदीप सुनेल ललित वैद्य सेलू मोरे , मोनू सांगते सहित दोनों मोर्चों के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे,अंत में आभार मनीष डांगी ने माना।



## जन कल्याण एवं जन समस्या निवारण के लिए दूसरे दिन भी जारी रहे शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 12 से 18 जून 2026 की अवधि में प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालयों पर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत छूटे हुये पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 03 दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत विकासखण्ड देवास, सोनकच्छ एवं टोंकखुर्द में 03 दिवसीय जनकल्याण शिविर का आयोजन 12 से 14 जून तक किया जा रहा है।

विकासखंड देवास, टोंकखुर्द और सोनकच्छ में हितलाभ वितरण के लिए दूसरे दिन भी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना और शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं को सीधे जनता तक पहुँचाना रहा।इस अवसर पर स्वास्थ विभाग द्वारा नागरिकों परीक्षण किया गय। नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाये गए ।श्रम योगी मान धन योजना के अंतर्गत पंजीयन किये गए ।वीबीजी राम जी का व्यापक प्रचार प्रसार किया गया। पशु विभाग द्वारा ग्रामीणों को जानकारी दी गई , केसीसी ऑनलाइन किये।

शिविर स्थल पर शासन के सभी प्रमुख विभागों द्वारा विकास योजनाओं के स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों के माध्यम से बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई एवं पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भी जमा किये गए ।शिविर में विभिन्न ग्राम पंचायतों से आए बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और अपनी समस्याओं के निराकरण के साथ-साथ शासकीय योजनाओं का लाभ उठाया।

### अनुगूंज कार्यक्रम में श्रवण और वाक बाधित व्यक्तियों को मिली विधिक अधिकारों की जानकारी

# विशेषज्ञों के व्याख्यान और संवादात्मक सत्र से हुए जागरूक





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार श्रवण एवं वाक बाधित समुदाय के सदस्यों के लिए संचालित प्रदेशव्यापी आउटरीच एवं अवेयरनेस कैंपेन अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवास द्वारा शनिवार को "अनुगूंज" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का ऑनलाइन शुभारंभ प्रातः 10:30 बजे विवेक रूसिया, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में श्रवण एवं वाक बाधित समुदाय के सदस्यों को सांकेतिक भाषा विशेषज्ञों के माध्यम से उनके विधिक अधिकारों, उपलब्ध विधिक सेवाओं, शासकीय कल्याणकारी योजनाओं एवं संवैधानिक अधिकारों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। विशेषज्ञों ने सरल एवं प्रभावी संवाद के माध्यम से प्रतिभागियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया तथा विधिक सहायता संबंधी प्रावधानों से अवगत कराया।इस अवसर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय प्रकाश मिश्र ने कहा कि मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समाज के विशेष वर्गों को न्याय एवं अधिकारों से जोड़ने के लिए यह एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि समाज में "मूक-बधिर" शब्द के स्थान पर "श्रवण एवं वाक बाधित" जैसे सम्मानजनक शब्दों का प्रयोग किया जाना चाहिए, जिससे संबंधित व्यक्तियों की गरिमा एवं सम्मान बना रहे।एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों द्वारा चार महत्वपूर्ण सत्र आयोजित किए गए। इन सत्रों में श्रवण एवं वाक बाधित समुदाय के लिए मध्यस्थता की भूमिका, विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी, शारीरिक एवं मानसिक दृढ़ता बनाए रखने में योग के महत्व तथा विधिक सहायता एवं विधिक सेवाओं जैसे विषयों पर विस्तार से व्याख्यान दिए गए।कार्यक्रम के अंतिम चरण में संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी जिज्ञासाएं व्यक्त कीं और विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित हितग्राहियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में श्रवण एवं वाक बाधित समुदाय के सदस्यों के अलावा मुख्यालय देवास के न्यायाधीशगण, जिला विधिक सहायता अधिकारी, लोक अभियोजन अधिकारीगण, पैरालीगल वालंटियर्स तथा न्यायालयीन कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत पुलिस को मिली एक और बड़ी सफलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा




थाना भौरासा पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत चोरी के मामले का सफल खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर नगदी बरामद की है। जानकारी अनुसार 07 जून को फरियादी बरजू बाई सोलंकी, पति कन्हैयालाल सोलंकी, निवासी ग्राम पांदा जागीर ने थाना भौरासा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाश उनके घर का ताला तोड़कर अंदर घुस गए और घर में रखे 20 हजार रुपये नकद तथा कुछ चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। रिपोर्ट के आधार पर थाना भौरासा में अपराध क्रमांक 228/2026 धारा 305(ए), 331(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की गई।जांच के दौरान पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्रम के तहत क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान सचिन उर्फ गणेश पिता बाबूलाल पाटीदार (35 वर्ष), निवासी पांदा जागीर के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को दिनांक 11 जून को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गई राशि में से 16,500 रुपये नगद बरामद किए। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भौरासा निरीक्षक अनीता सिंह, प्रधान आरक्षक अशोक चौहान एवं प्रधान आरक्षक महेंद्र राव की सराहनीय भूमिका रही।

### महरौनी पुलिस की त्वरित कार्रवाई, कॉपर वायर और कनेक्टर बरामद

# पावर प्लांट में चोरी की कोशिश नाकाम

## फायरिंग कर भागे बदमाश, दो आरोपी तमंचे सहित गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

थाना महरौनी क्षेत्र स्थित सुखवीर एग्रो पावर प्लांट, पठावियाजपुरा में चोरी की नीयत से घुसे बदमाशों की कोशिश सुरक्षाकर्मियों की सतर्कता से विफल हो गई। विरोध होने पर बदमाश चोरी का सामान छोड़कर हवाई फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए।

सूचना मिलते ही महरौनी पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि अन्य फरार बदमाशों की तलाश जारी है। शनिवार को पावर प्लांट के सुपरवाइजर हरीप्रताप ने थाना महरौनी पुलिस को सूचना दी कि बीती रात कुछ अज्ञात बदमाश चोरी की नीयत से प्लांट परिसर में घुस आए थे। बदमाश कॉपर वायर और कनेक्टर चोरी कर ले जाने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन सुरक्षाकर्मियों द्वारा रोके जाने पर वे चोरी का सामान वहीं छोड़कर हवाई फायरिंग करते हुए भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही थाना महरौनी पुलिस सक्रिय हो गई और संभावित मार्गों पर घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महानगर झांसी के थाना बबीना निवासी सुमित पाल और चंदू यादव को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से एक देशी तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस तथा एक खोखा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने घटनास्थल से चोरी के लिए एकत्र किए गए कॉपर वायर एवं कनेक्टर्स भी बरामद कर लिए हैं। मामले में थाना महरौनी में सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया है। संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है और जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है तथा गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है। जिले में अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

## उधार के रुपए मांगना पड़ा भारी

### दबंग भाइयों ने युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**ललितपुर।** थाना बार क्षेत्र के ग्राम सेमरा भागनगर में उधार दिए गए रुपये वापस मांगना एक युवक को महंगा पड़ गया। आरोप है कि रुपये मांगने पर दो सगे भाइयों ने युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सेमरा भागनगर निवासी पहिलवान सिंह पुत्र दशरथ सिंह राजपूत ने बताया कि 11 जून 2026 की शाम करीब 4.30 बजे वह अपने घर के बाहर खड़ा था। इसी दौरान गांव के निवासी मंगल सिंह पुत्र बृजभान सिंह राजपूत वहां से निकले। पहिलवान सिंह ने उनसे पूर्व में दिए गए उधार के रुपये वापस करने की बात कही। आरोप है कि रुपये मांगने पर मंगल सिंह नाराज हो गया और गाली-गलौज करने लगा। कुछ ही देर में उसका भाई सत्येन्द्र सिंह राजपूत भी मौके पर पहुंच गया। दोनों भाइयों ने मिलकर पीड़ित के साथ अभद्रता की और विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। पीड़ित का कहना है कि दोनों आरोपियों ने उसे गिराकर मारपीट की, जिससे उसके शरीर पर कई चोटें आईं। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, तब जाकर आरोपी वहां से भाग निकले। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जाते समय दोनों भाइयों ने पीड़ित को धमकी दी कि यदि उसने पुलिस में शिकायत की तो उसे जान से मार दिया जाएगा। घटना के बाद घायल युवक ने थाना बार पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए दोनों नामजद आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## परीक्षा देने जा रही युवती को बाइक से टक्कर मारने का आरोप, दो पर मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** कस्बा महरौनी में अदालत से लौट रही एक युवती को कथित रूप से बाइक से टक्कर मारने, मारपीट करने और मुकदमे वापस लेने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली महरौनी पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुराना सौजना रोड निवासी रेशमा बानो पुत्री यासीन खां ने बताया कि वह 9 जून को अपनी मां हज्जों के साथ न्यायालय गई थी। वहां से मुकदमे की अगली तारीख लेकर दोनों पैदल घर लौट रही थीं। आरोप है कि महरौनी रोड पर पहुंचने के दौरान पहले से मौजूद कुछ लोगों ने उन्हें रोक लिया। पीड़िता का कहना है कि पुरानी रंजिश के चलते अनीस खां ने मोटरसाइकिल से उसे टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गई और उसे चोटें आईं। आरोप है कि बाइक पर असलम खां भी सवार था। घटना के बाद दोनों ने उसके साथ अभद्रता और मारपीट की। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने पीड़िता पर चल रहे मुकदमों को वापस लेने का दबाव बनाया और ऐसा न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने तथा जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर आसपास के लोगों का ध्यान घटना की ओर गया, जिसके बाद आरोपी मौके से चले गए। रेशमा बानो ने पुलिस को बताया कि घटना के अगले दिन उसकी उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा झांसी में निर्धारित थी। परीक्षा में शामिल होने के कारण वह तत्काल रिपोर्ट दर्ज नहीं करा सकी। परीक्षा देकर लौटने के बाद उसने कोतवाली पहुंचकर लिखित शिकायत दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अनीस खां और असलम खां के खिलाफ सार्वजनिक मार्ग पर लापरवाही से वाहन चलाने, चोट पहुंचाने तथा आपराधिक धमकी सहित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत

## कृष्णा कॉलोनी में अवैध अतिक्रमण और प्रदूषण से लोगों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

शहर की कृष्णा कॉलोनी के निवासियों ने कॉलोनी के बाहर कथित अवैध अतिक्रमण, निर्माण सामग्री के भंडारण और उससे उत्पन्न प्रदूषण की समस्या को लेकर जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर प्रशासन से कार्रवाई की मांग की है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि राजघाट रोड स्थित कृष्णा कॉलोनी के बाहर एक व्यापारी द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत (संदर्भ संख्या-40016726009650) के अनुसार, कृष्णा कॉलोनी-हरदीला वार्ड संख्या 15 के बाहर स्थित एक व्यापारी ने अपनी दुकान एक व्यक्ति को किराए पर दे रखी है, जो ललितपुर में पानी के पाइप बिछाने का कार्य कर रहा है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि दुकान के बाहर मिट्टी, बालू एवं अन्य निर्माण सामग्री राजमार्ग और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से डंप की जा रही है। शिकायत में कहा गया है कि नगर पालिका द्वारा बनाई गई नालियां पूरी तरह बंद हो गई हैं, जिससे बरसात के मौसम में जलभराव की आशंका बढ़ गई है। इसके अलावा सड़क पर सामग्री फैले रहने से आवागमन में भी बाधा उत्पन्न हो रही है और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। कॉलोनीवासियों ने यह भी आरोप लगाया है कि संबंधित व्यक्ति द्वारा सरकारी भूमि पर निर्माण कार्य कर सीमेंट और अन्य सामग्री का भंडारण किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में धूल और प्रदूषण फैल रहा है। इससे आसपास के मकानों को नुकसान पहुंचने के साथ-साथ स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि कॉलोनी में दो रहवासी प्लॉटों पर उपचार (ट्रीटमेंट) संबंधी गतिविधियां भी संचालित हैं, जिसके चलते प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी खतरे और बढ़ गए हैं। अवैध अतिक्रमण हटाने तथा सार्वजनिक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

### 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जाएगी खुराक

## 28 जून को जिले के 802 बूथों पर मनाया जाएगा पोलियो दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनपद में 28 जून से शुरू होने वाले राष्ट्रीय पल्स पोलियो (एनआईडी) अभियान को सफल बनाने तथा 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक से आच्छादित करने के उद्देश्य से विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देश पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता सीडीओ शेषनाथ चौहान ने की। सीडीओ ने निर्देश दिए कि पोलियो बूथ दिवस पर जिले के सभी विद्यालय खुले रहेंगे तथा बच्चों के लिए मिड-डे मील की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कोई कर्मचारी अथवा अधिकारी अभियान में लापरवाही करता या अनुपस्थित पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को ब्लॉकवार प्रभारी नियुक्त कर अभियान पूर्व तैयारियों, क्षेत्रीय भ्रमण, वैक्सीनेटरों के प्रशिक्षण तथा प्रतिदिन सायंकालीन समीक्षा बैठकों के माध्यम से अभियान की निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन घरों में बच्चे पोलियो की खुराक लेने से छूट जाएं, उनके शत-प्रतिशत आच्छादन के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। बैठक में बताया गया कि 28 जून (रविवार) को जिले के 802 पोलियो बूथों पर बूथ दिवस आयोजित किया जाएगा, जहां सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। इसके बाद 29 जून से 3 जुलाई तक घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का अभियान चलाया जाएगा, जबकि 6 जुलाई को बी-टीम गतिविधि आयोजित की जाएगी। अभियान के तहत जिले में 464 टीमें घर-घर भ्रमण कर बच्चों का टीकाकरण करेंगी। साथ ही ईंट भ_ों, निर्माण स्थलों, घुमंतू परिवारों तथा अन्य अति संवेदनशील समूहों के बच्चों को विशेष रूप से चिन्हित कर पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जनपद में 114 हाई रिस्क विलेज चिन्हित किए गए हैं, जहां विशेष रणनीति के तहत सघन अभियान चलाकर पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी, ताकि कोई भी बच्चा अभियान से वंचित न रह सके। बैठक में परामर्शी चिकित्सक डा.जे.एस. बक्शी, डा.सौरभ, प्रतिरक्षण अधिकारी डा.धीरेन्द्र वैद्य, डीपीओ नरेन्द्र सिंह, आरआरटी जेएसआईपीएल की सबा परवीन सहित ब्लॉकों के चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी बैठक

## सुमेरा तालाब के सुंदरीकरण और नृसिंह मंदिर क्षेत्र के विकास की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जिला उद्योग व्यापार मंडल की कोर कमेटी की बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष सुरेश बड़ेरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। संचालन महामंत्री शैलेंद्र सिंघई ने किया।

बैठक में नगर की हृदयस्थली एवं पौराणिक धार्मिक महत्व वाले नरसिंह मंदिर, अन्य देवालयों तथा सुमेरा तालाब के संरक्षण, सुंदरीकरण और विकास को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष सुरेश बड़ेरा ने कहा कि नगर के मध्य स्थित सुमेरा तालाब एक सुंदर एवं रमणीय स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग भ्रमण और धार्मिक गतिविधियों के लिए आते हैं। उन्होंने बताया कि तालाब की लगभग दो किलोमीटर लंबी परिक्रमा मार्ग की सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से इस सड़क का सुदृढ़ एवं आकर्षक निर्माण कराने की मांग की। बैठक में महामंत्री शैलेन्द्र सिंघई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बॉबी राजा नाराहट, नगराध्यक्ष पं.नवनीत किलेदार ने भी संबोधित किया और मांग करते हुए कहा कि सुमेरा तालाब का व्यापक सुंदरीकरण कराया जाए तथा यहां आधुनिक लाइटिंग, बोटिंग और पर्यटन सुविधाएं विकसित की जाएं, जिससे यह स्थल नगरवासियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बन सके। बैठक में मनीष सड़ैया, संतोष इमलिया, राहुल गुप्ता, अजय सोनी, राजू सिंधी, रविंद्र दिवाकर, डा.संजीव कड़की, सुबोध गोस्वामी, मुरारी सोनी, संजय जैन, प्रदीप जायसवाल, मनीष जैन, रविंद्र जैन, जगदीश कुशवाहा, प्रवेश सिंह, सहित व्यापारी मौजूद रहे।

### 2027 में मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान

## बैठक में कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



बहुजन समाज पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रमों के अंतर्गत शुक्रवार को सेक्टर संख्या-32 दैलवारा के बूथ संख्या 363, 364, 365, 366 एवं 367 पर बूथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत करने तथा वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि झांसी मंडल प्रभारी दीपक कुमार टीकरा एवं केहर सिंह गौतम तथा जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध उपस्थित रहे। वक्ताओं ने पार्टी सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के निर्देशों को कार्यकर्ताओं तक पहुंचाते हुए कहा कि वर्ष 2027 में उन्हें पांचवीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को तन, मन और धन से जुटना होगा। मुख्य अतिथियों ने कहा कि बहन मायावती के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकारों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं कानून व्यवस्था के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए। उन्होंने अंबेडकर ग्राम योजना, ग्रामीण विकास, शिक्षा संस्थानों की स्थापना, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार तथा स्थायी रोजगार उपलब्ध कराने जैसे कार्यों का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से जन-जन तक पार्टी की नीतियों को पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर पार्टी को मजबूत बनाने एवं आगामी चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। साथ ही पार्टी के आह्वान पर आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया। बैठक में विशिष्ट अतिथि विधानसभा प्रभारी देवेंद्र मैनवार, विधानसभा अध्यक्ष संतोष अहिरवार तथा पूर्व नगर उपाध्यक्ष संजय चौधरी मौजूद रहे। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से बलराम, नाथूराम सहरिया, विनोद, रामचरण रजक, गोकुल सहरिया एवं किशनलाल सहरिया को सेक्टर सचिव नियुक्त किया गया। वहीं संजय अहिरवार को बूथ संख्या 363, मनोहर को बूथ संख्या 364, हरनारायण को बूथ संख्या 365, देशराज को बूथ संख्या 366 तथा दुर्जन को बूथ संख्या 367 का बूथ अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में लक्ष्मण, नाथूराम, कंछेदी, सुनील, मनोज कुमार, जयपाल अहिरवार, पहलाद अहिरवार, पप्पू सहरिया, राहुल अहिरवार, रविंद्र कुमार, अभिषेक, हल्कू सहरिया सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### किसान गोष्ठी एवं ऋण वितरण कार्यक्रम

## किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय एवं अग्रणी बैंक के संयुक्त तत्वावधान में कल्याण सिंह सभागार में किसान गोष्ठी एवं ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाब नेशनल बैंक मंडल प्रमुख के.एल. बैरवा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी सत्यप्रकाश उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीडीओ शेषनाथ, पीएनबी प्रधान कार्यालय से कार्यकारी निदेशक बी.पी. महापात्रा, कृषि विज्ञान अनुसंधान केन्द्र कृषि वैज्ञानिक मुकेश चंद तथा अग्रणी जिला प्रबंधक हरीश कुमार सहित बैंक एवं प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने कहा कि किसानों एवं महिलाओं की आर्थिक उन्नति के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने किसानों से बैंकिंग सेवाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने, समय पर ऋण अदायगी करने तथा बेहतर क्रेडिट स्कोर बनाए रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संस्थागत ऋण के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में साहूकारों पर निर्भरता कम होगी और किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त होगा। कार्यकारी निदेशक बी.पी. महापात्रा ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में किसानों और महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक कृषि ऋण, कृषि उपकरण वित्तपोषण, पशुपालन, मुर्गी पालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, वेयरहाउसिंग तथा स्वयं सहायता समूहों के लिए विभिन्न वित्तीय योजनाएं संचालित कर रहा है। उन्होंने किसानों को समय पर ऋण चुकाने की सलाह देते हुए कहा कि इससे अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना की जानकारी देते हुए किसानों एवं महिलाओं से इन योजनाओं से जुड़ने की अपील की। उन्होंने बताया कि मात्र 456 रुपये के वार्षिक प्रीमियम पर दोनों योजनाओं का लाभ लेकर परिवार वित्तीय सुरक्षा प्राप्त कर सकते हैं।

### यूपीआई फ्रॉड में ठगे गए थे 53,100 रुपए, शेष धनराशि वापस दिलाने की कार्रवाई जारी

## साइबर ठगी के शिकार किसान को मिली राहत

**ललितपुर।** साइबर अपराध के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना जाखलौन पुलिस ने साइबर ठगी के एक मामले में पीड़ित को बड़ी राहत दिलाई है। पुलिस की प्रभावी कार्रवाई के परिणामस्वरूप साइबर फ्रॉड के शिकार हुए व्यक्ति के खाते में 25,275 रुपये की धनराशि वापस कराई गई है, जबकि शेष राशि वापस दिलाने की प्रक्रिया जारी है। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन में थाना जाखलौन पुलिस द्वारा यह




कार्रवाई की गई। ग्राम बारौद निवासी प्रदीप कुमार पुत्र भगवान दास के साथ यूपीआई के माध्यम से 53,100 रुपये की साइबर ठगी हो गई थी। पीड़ित ने घटना की शिकायत राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कराई थी। शिकायत प्राप्त होते ही थाना जाखलौन की साइबर हेल्प डेस्क टीम सक्रिय हुई और शिकायतकर्ता द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक संबंधी दस्तावेजों एवं अन्य अभिलेखों का परीक्षण किया। इसके बाद संबंधित बैंकों और एजेंसियों से समन्वय स्थापित कर कुल 47 हजार रुपये की धनराशि होल्ड कराई गई। होल्ड की गई राशि में से 25,275 रुपये शिकायतकर्ता के खाते में वापस करा दिए गए।

## पेट्रोल पंप कर्मचारी 4.39 लाख की नकदी व ऑयल लेकर फरार, एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम रजवारा स्थित एक पेट्रोल पंप से लाखों रुपये की नकदी और कीमती ऑयल लेकर कर्मचारी के फरार होने का मामला सामने आया है। पेट्रोल पंप संचालक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आजादपुरा निवासी मुकेश कुमार पुत्र स्व. मंगलचन्द्र ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका ग्राम रजवारा में भारत पेट्रोलियम एम.के. फिलिंग स्टेशन संचालित है। पेट्रोल पंप पर ग्राम रजवारा निवासी देवेन्द्र नामदेव पुत्र कल्यानचन्द्र नामदेव कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। लंबे समय से कार्य करने के कारण उस पर विश्वास किया जाता था। शिकायतकर्ता के मुताबिक देवेन्द्र नामदेव ने इस विश्वास का गलत फायदा उठाते हुए पेट्रोल-डीजल बिक्री से प्राप्त दो दिनों की नकदी तथा पंप पर रखे ऑयल के स्टॉक को अपने कब्जे में लेकर फरार हो गया। आरोपी द्वारा कुल 4 लाख 39 हजार रुपये मूल्य की नकदी एवं ऑयल का गबन किया गया है।

### बुन्देलखण्ड के 100 विरासत वट वृक्ष दस्तावेजीकरण अभियान...

## नेहरू महाविद्यालय के वट वृक्ष का हुआ अभिलेखीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

बुन्देलखण्ड के 100 विरासत वट वृक्ष दस्तावेजीकरण अभियान के अंतर्गत मानव ऑर्गेनाइजेशन, विकासार्थ विद्यार्थी (अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद), भारतीय जैव विविधता संरक्षण संस्थान तथा गौरैया बचाओ अभियान के प्रतिनिधियों ने नगर स्थित नेहरू महाविद्यालय ललितपुर परिसर में पहुंचकर वहां स्थित ऐतिहासिक वट वृक्ष का अभिलेखीकरण किया।

इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री ने वृक्ष के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1968 में महाविद्यालय की स्थापना के समय तत्कालीन मंत्री डा.शादी लाल दुबे, आयुक्त झांसी मंडल श्याम सुंदर लाल कक्कड़ तथा तत्कालीन जिलाधिकारी श्याम बिहारी लाल द्वारा इस वट वृक्ष का रोपण किया गया था। लगभग छह दशक बाद यह वृक्ष एक विशाल स्वरूप धारण कर चुका है और इसकी छत्रछाया में हजारों विद्यार्थियों ने शिक्षा प्राप्त कर जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां



हासिल की हैं। डा.शास्त्री ने कहा कि यह वृक्ष महज एक पेड़ नहीं, बल्कि महाविद्यालय परिवार का जीवंत सदस्य है। उन्होंने बताया कि अब शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी इस वट वृक्ष को स्नेहपूर्वक बूढ़े काका कहकर संबोधित करेंगे। धार्मिक दृष्टि से वट वृक्ष को देव वृक्ष माना जाता है तथा यह भारत का राष्ट्रीय वृक्ष भी है। उन्होंने यह भी बताया कि विरासत वृक्ष संरक्षण की दृष्टि से शीघ्र ही इसके चारों ओर एक सुदृढ़ चबूतरे का निर्माण कराया जाएगा, जिससे इसकी सुरक्षा और संरक्षण को और मजबूती मिल सके।

मानव ऑर्गेनाइजेशन एवं गौरैया बचाओ अभियान के संयोजक पुष्पेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र के प्राचीन वट वृक्ष केवल पर्यावरणीय महत्व ही नहीं रखते, बल्कि वह हमारी सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत के भी महत्वपूर्ण प्रतीक हैं। ऐसे वृक्षों का दस्तावेजीकरण भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक अमूल्य धरोहर सिद्ध होगा तथा इनके संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ेगी। विकासार्थ विद्यार्थी (अ.भा.वि.प.) के कानपुर प्रान्त सह-प्रमुख डा.राजीव कुमार निरंजन ने कहा कि संगठन का प्रत्येक सदस्य इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने तथा अधिकाधिक विरासत वृक्षों की पहचान एवं संरक्षण के लिए सक्रिय भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं की सहभागिता के बिना पर्यावरण संरक्षण का कोई भी अभियान पूर्ण नहीं माना जा सकता। पर्यावरण पत्रकार अमित लखेरा ने कहा कि नेहरू महाविद्यालय का यह वट वृक्ष केवल एक वनस्पति नहीं, बल्कि ललितपुर के शैक्षणिक इतिहास का जीवंत साक्षी है। ऐसे वृक्ष स्थानीय इतिहास, लोक स्मृतियों और सामाजिक चेतना को संरक्षित रखने का कार्य करते हैं। इसलिए इनके संरक्षण को जनभागीदारी से जुड़े व्यापक जनआंदोलन का स्वरूप दिया जाना चाहिए। अभियान के दौरान उपस्थित सदस्यों ने महाविद्यालय प्रशासन द्वारा वृक्ष संरक्षण के प्रति दिखाई जा रही संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए इसे पूरे बुंदेलखंड के लिए प्रेरणादायी पहल बताया। अभियान के अंतर्गत क्षेत्र के 100 प्राचीन एवं विरासत वट वृक्षों का दस्तावेजीकरण कर उनके संरक्षण एवं संवर्धन हेतु व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अवसर पर अंकित चौबे तथा महाविद्यालय परिवार के माली सुरेश पाल का विशेष सहयोग रहा।

# कुरावर-श्यामपुर रेलखंड का निरीक्षण, जनवरी 2027 से भोपाल-कोटा रेल यात्रा की उम्मीद

## डीआरएम पंकज त्यागी बोले : शेष कार्य दिसंबर तक पूरा होने की संभावना, क्षेत्र में खुशी की लहर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

वर्षों से रेल सेवा की प्रतीक्षा कर रहे क्षेत्रवासियों के लिए गुरुवार का दिन उत्साह और उम्मीद लेकर आया। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के डीआरएम पंकज त्यागी ने विशेष निरीक्षण ट्रेन से कुरावर से श्यामपुर रेलखंड का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान रेलवे ट्रैक, सुरक्षा व्यवस्थाओं तथा निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। डीआरएम पंकज त्यागी ने बताया कि कुरावर से श्यामपुर के बीच रेलवे ट्रैक का भौतिक सत्यापन किया गया है तथा सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। जहां-जहां कार्य शेष है, वहां तेजी से काम जारी है और संभावना है कि 31 दिसंबर 2026 तक सभी लंबित कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यदि कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरा हो जाता है तो जनवरी 2027 तक भोपाल से कोटा के बीच रेल कनेक्टिविटी प्रारंभ होने की उम्मीद है, जिससे इस मार्ग पर नियमित ट्रेन संचालन शुरू हो सकेगा।

### निरीक्षण के लिए पहुंची विशेष डीजल इंजन युक्त ट्रेन

कुरावर रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण के लिए पहुंची विशेष डीजल इंजन युक्त ट्रेन को देखने के लिए कुरावर रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। नगर सहित आसपास के गांवों से आए महिला-पुरुष, युवा और बच्चों ने ट्रेन को नजदीक से देखा और वर्षों पुराने रेल संपर्क के सपने को साकार होता महसूस किया। स्टेशन परिसर में दिनभर उत्सव जैसा माहौल बना रहा और लोगों ने ट्रेन के साथ फोटो एवं वीडियो भी बनाए। रेलवे अधिकारियों ने ट्रैक की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया। हालांकि इलेक्ट्रिक ट्रेनों के संचालन के लिए आवश्यक ओवरहेड विद्युत लाइन सहित कुछ तकनीकी कार्य अभी शेष हैं, जिन्हें निर्धारित समय में पूरा करने की दिशा में कार्य जारी है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि रेल सेवा शुरू होने से कुरावर और आसपास के क्षेत्रों के विकास को नई गति मिलेगी। व्यापार, शिक्षा, रोजगार और आवागमन की सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा क्षेत्र का सीधा संपर्क भोपाल, कोटा सहित अन्य प्रमुख शहरों से स्थापित हो सकेगा। डीआरएम के बयान के बाद क्षेत्र में रेल परियोजना को लेकर नई उम्मीद जगी है। लंबे समय से प्रतीक्षित यह रेल लाइन अब अपने अंतिम चरण में पहुंचती दिखाई दे रही है और लोगों को जनवरी 2027 में ट्रेन की सीटी सुनाई देने का बेसब्री से इंतजार है।

### 13 किमी लंबे रेलखंड का किया निरीक्षण

*डीआरएम त्यागी ने बताया कि किसी भी नई रेल लाइन या नए सेक्शन के संचालन से पहले कमिश्नर ऑफ रेलवे सेफ्टी (सीआरएस) द्वारा निरीक्षण किया जाता है। सीआरएस ट्रैक, सुरक्षा मानकों और अन्य तकनीकी व्यवस्थाओं की जांच कर उसकी फिटनेस का परीक्षण करते हैं। निरीक्षण के बाद रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है, जिसके आधार पर ट्रैक पर ट्रेन संचालन की अनुमति प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को लगभग 13 किलोमीटर लंबे कुरावर-श्यामपुर रेलखंड का सीआरएस निरीक्षण किया गया है। कुरावर से लेकर रामगंजमंडी तक पूरे रेल मार्ग को जोड़ने का लक्ष्य वर्तमान वित्तीय वर्ष के भीतर पूरा करने का है। उम्मीद है कि 31 दिसंबर 2026 तक सभी शेष कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। यदि कार्य निर्धारित समय में पूर्ण हो जाता है तो जनवरी 2027 से भोपाल-कोटा रेल कनेक्टिविटी शुरू होने की पूरी संभावना है।*

### परिजनों ने किया जमकर हंगामा

# आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला 50 वर्षीय व्यक्ति का शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

थाना क्षेत्र के ग्राम पाटन खुर्द में शुक्रवार को 50 वर्षीय व्यक्ति का शव उसके ही खेत में आम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस अनुसार मृतक की पहचान बीरम पिता परति सिंह (50 वर्ष) निवासी पाटन खुर्द के रूप में हुई है। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए खुजनेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। पोस्टमार्टम कक्ष के बाहर परिजनों ने हंगामा करते हुए आरोप लगाया कि गांव में कुएं से पानी भरने को लेकर कुछ लोगों से पुराना विवाद चल रहा था। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मौके पर पहुंचे एसडीओपी अरविंद सिंह राठौड़, नायब तहसीलदार विनय रजक छापीहेड़ा थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती एवं खुजनेर थाना प्रभारी रवि ठाकुर द्वारा परिजनों को समझाइश दी। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए जिसके बाद मृतक का पोस्टमार्टम करवाया शव परिजनों को सौंप दिया गया फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# अमृत हरित महाअभियान के तहत नगर पालिका परिसर में पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

अमृत हरित महाअभियान एक पेड़ मां के नाम मिशन के अंतर्गत नगर पालिका परिसर में मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक रानवे के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र का विस्तार तथा जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर नगर पालिका परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया गया।

इस दौरान पार्षद कुलदीप राठौर ने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ते पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण आवश्यक है। पौधे न केवल वातावरण को शुद्ध बनाते हैं, बल्कि भू-जल स्तर को बनाए रखने और प्राकृतिक संतुलन को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में आर आई सूर्य प्रकाश झाला,राज कुमार गिरजे,रशीद मेव,समंदर सिंह सहित नगर निकाय के समस्त पार्षदगण, अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। सभी उपस्थितजनों ने पर्यावरण संरक्षण के लिए नियमित रूप से पौधारोपण करने तथा लगाए गए पौधों की देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ, हरित नगर के निर्माण के संदेश के साथ हुआ। अधिकारियों ने नागरिकों से भी अपील की कि वे ष्एक पेड़ मां के नामष अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनके संरक्षण में सहयोग करें।



# आरोग्य भारती की बैठक सम्पन्न

**सारंगपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आरोग्य भारती जिला ब्यावरा की स्थानीय इकाई सारंगपुर द्वारा योग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में गुरुवार शाम सिविल अस्पताल के मीटिंग हॉल में बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ हुआ।बैठक में निर्णय लिया गया कि योग दिवस का आयोजन 21 जून 2026 को प्रातः 7.30 बजे सुदर्शन कॉलोनी स्थित माता मंदिर परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश कुंभकार को योग शिक्षक नियुक्त किया गया। बीएमओ डॉ. मनीष चौहान ने बताया कि योग दिवस का उद्देश्य योग के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य लाभों के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

आरोग्य भारती के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण त्रिकार ने कहा कि योग दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवनशैली और रोग प्रतिषेध का प्रभावी माध्यम है। संस्था संरक्षक नंदकिशोर सोनी ने नगर के वरिष्ठजनों एवं युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की। बैठक में डॉ. रामप्रसाद आर्य, पं. सत्यनारायण शर्मा, डॉ. नितेश मिश्रा, विजय सिंह चौहान सहित अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

### युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरुक

# दो दिवसीय नशा मुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर



युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाने के उद्देश्य से स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, सारंगपुर में दो दिवसीय "नशा मुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम" आयोजित किया गया।

कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ममता खोईया के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें प्रथम दिवस पर "नशा मुक्ति और मानसिक स्वास्थ्य" विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. दिनेश मालवीय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि नशे की लत व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक जीवन पर गंभीर दुष्प्रभाव डालती है। उन्होंने तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर दिया। व्याख्यान के बाद विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। वही द्वितीय दिवस पर भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने "नशा मुक्त भारत रू युवा शक्ति की जिम्मेदारी", "मानसिक स्वास्थ्य और स्वस्थ समाज" तथा "नशे के दुष्परिणाम" जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने नशे के सामाजिक, आर्थिक एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों पर सारगर्भित चर्चा की। इस दौरान एनएसएस प्रभारी डॉ. अरुणा सोलंकी एवं युथ रेडक्रॉस प्रभारी धर्मेंद्र कुमार खैरवार ने भी विद्यार्थियों को नशा मुक्ति का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ. विमल लोदवाल सहित महाविद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# पेंशनर्स की लंबित प्रमुख मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, प्रदर्शन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन शाखा सारंगपुर द्वारा प्रदेश के लगभग 5 लाख पेंशनरों की लंबित एवं न्यायोचित मांगों के समर्थन में स्थानीय साई मंदिर परिसर में बैठक एवं धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पेंशनर मणिशंकर पाटीदार ने की। धरना प्रदर्शन के पश्चात पेंशनरों ने रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम अनुविभागीय अधिकारी रोहित बम्होरे को ज्ञापन सौंपा। रैली का नेतृत्व प्रांतीय सचिव एवं शाखा अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण त्रिकार ने किया। उन्होंने बताया कि



पेंशनर्स की प्रमुख 6 सूत्रीय मांगों में मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 49(6) को समाप्त करना, छठवें एवं सातवें वेतनमान का 32 एवं 27 माह का लंबित एरियर न्यायालय के आदेशानुसार 6 प्रतिशत ब्याज सहित देना तथा 80 वर्ष के स्थान पर 79 वर्ष पूर्ण होने पर अतिरिक्त 20 प्रतिशत पेंशन लाभ प्रदान करना शामिल है।

इस दौरान त्रिकार ने कहा कि पेंशनर्स ने शासकीय सेवा के दौरान पूरी निष्ठा एवं अनुशासन से कार्य किया है और आगे भी अपने आंदोलन को शांतिपूर्ण एवं मर्यादित ढंग से जारी रखेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं होने पर 30 जून को जिला स्तर एवं 22 जुलाई को भोपाल में प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण प्रेमी विष्णु प्रसाद जोशी की पत्नी दिवंगत चित्रा देवी जोशी को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संचालन पं. सत्यनारायण शर्मा ने किया तथा आभार भेरूलाल मालवीय ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पेंशनर्स एवं महिला सदस्यों की उपस्थिति रही।

### कथा में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, थिरके श्रद्धालु

**विदिशा।** रिनिया गांव में स्थित भैरों महाराज मंदिर परिसर में आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। कथाव्यास पंडित अरविंद कृष्ण शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि कृष्ण जन्म केवल एक धार्मिक घटना नहीं, बल्कि जीवन में सत्य, प्रेम और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। भजन-कीर्तन, झांकियों और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष एवं युवा श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जमीन की नपती के दौरान खूनी संघर्ष, दो पक्षों में जमकर चले लाठी-डंडे, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

करारिया थाना क्षेत्र के ग्राम सुगनाखेड़ी में जमीन की नपती के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। पटवारी और चौकीदार की मौजूदगी में हुई इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घायलों ने पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया है। राधेश्याम मीणा, हरि मीणा और वीरेंद्र मीणा अपनी भूमि की नपती करा रहे थे।

इसी दौरान दूसरे पक्ष के जवाहर सिंह, मंसाराम, विवेक, गुलाब सिंह गौतम सहित अन्य लोग मौके पर पहुंच गए और नपती का विरोध करने लगे। देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो बाद में हिंसक झड़प में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद



घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां इमरजेंसी वार्ड में उनका उपचार जारी है। कुछ घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों के सिर और शरीर पर टांके लगाने पड़े। घायलों का आरोप है कि घटना की सूचना करारिया थाने में दिए जाने के बावजूद अब तक उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। वहीं पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बड़ा बाजार में वाटर कूलर प्याऊ का शुभारंभ

**विदिशा।** बडा सर्राफा एसोसिएशन द्वारा बड़ा बाजार सर्राफा चौक पर बाटर फिल्टर प्याऊ का शुभारंभ संरक्षक मनमोहन अग्रवाल द्वारा किया गया। इस दौरान अध्यक्ष संजय चौधरी राजेश सर्राफ, संजीव भंडारी महामंत्री राजेश सोनी खुबाल, लोकेश चौधरी, कमलेश सोनी, हीरालाल रघुवंशी, पवन सोनी, रूपेश गर्ग, अनुराग गोयल, रोहित अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अंशुल लश्करी, वैभव जैन,घनश्याम अग्रवाल, प्रशांत सोनी,अंकित अग्रवाल, सुनील सोनी, संजय सोनी, विक्की जैन, राजकुमार गर्ग, सुनील जैन, दीपक सोनी,आदि सहित अनेक जन उपस्थित रहे।

### मैन ऑफ द सीरीज कुलदीप राजपूत को मिली इलेक्ट्रिक स्कूटी

# विधायक कप में पाड़ोछा टीम 11 बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरवाई

कॉलेज ग्राउंड पर चल रहे विधायक कप का बुधवार देर रात समापन हो गया। खेले गए रोमांचक फाइनल मुकाबले में पाड़ोछा 11 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, जबकि जय महाकाल ज्वेलर्स की टीम उपविजेता रही।

फाइनल मैच के बाद आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार जीतने वाले कुलदीप राजपूत को ऋषि सप्रे द्वारा इलेक्ट्रिक स्कूटी भेंट की गई। समापन अवसर पर आकर्षक आतिशबाजी, रंग-बिरंगी रोशनी और



उत्साहपूर्ण माहौल ने आयोजन को यादगार बना दिया। खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने जीत का जश्न उत्साह के साथ मनाया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजक अंकित सप्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके नेतृत्व में ऋषि सप्रे, अक्षय सप्रे, आयोजन समिति के सदस्यों, खिलाड़ियों, टीम ऑनर्स और खेल प्रेमियों ने सक्रिय सहयोग दिया।

समापन समारोह में विधायक हरि सिंह सप्रे एवं उनकी धर्मपत्नी अनिता सप्रे विशेष रूप से उपस्थित रहीं। पूरे टूर्नामेंट के दौरान पार्षद इल्यास मोहम्मद, निक्की रघुवंशी और गौरव श्रीवास्तव की शानदार कॉमेंट्री ने दर्शकों को अंत तक रोमांचित बनाए रखा। आयोजन समिति ने सभी खिलाड़ियों, दर्शकों, सहयोगियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

### मांगों को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन

# 15 दिन में समाधान नहीं हुआ तो सफाई कार्य बंद करने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार को 14 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। सीएमओ को ज्ञापन सौंपा और चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन और सफाई कार्य बंद करने को मजबूर होंगे। इस प्रदर्शन में संगठन के जिला अध्यक्ष कमल खरे और नरेंद्र चौहान सहित बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी मौजूद थे। कर्मचारियों ने नगरपालिका प्रशासन पर उनकी समस्याओं की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

### वर्दी तक नहीं मिली

स्थायी, दैनिक वेतनभोगी और संविदा कर्मचारियों को लंबे समय से गर्म और ठंडी वर्दी नहीं मिली है। इसके साथ ही, सफाई कार्य के लिए आवश्यक उपकरण और सामग्री भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। कर्मचारियों ने उच्च गुणवत्ता के सफाई उपकरण और सामग्री नियमित रूप से उपलब्ध कराने की मांग की। संगठन ने नगर पालिका में रिक्त पदों पर वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग भी उठाई। इसके अतिरिक्त, संविदा कर्मचारियों की लंबित एरियर राशि का तत्काल भुगतान करने की मांग की गई।